

डिजीटल पत्र
# कांग्रेस दर्पण
दैनिक
पटना, 17 अप्रैल, सोमवार, 2023

# 13 मई को जनादेश कांग्रेस के पक्ष में आने वाला है: राहुल गांधी



**कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए तमाम पार्टियां जोर–शोर से तैयारियों में जुट गई हैं. इसी कड़ी में कांग्रेस के सीनियर लीडर राहुल गांधी ने रविवार को कर्नाटक के कोलार में एक चुनावी रैली को संबोधित किया. अपने संबोधन के दौरान राहुल गांधी ने बीजेपी और पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा. वहीं, उन्होंने कोलार की जनता से कहा कि, "राज्य में कांग्रेस की सरकार बनेगी तो सब काम बहुत जल्द कराए जाएंगे और किसी भी वादे को पूरा करने में देर नहीं लगाई जाएगी. रैली के दौरान राहुल गांधी ने राज्य की जनता से चार वादे किए.**

## सूचना

## सेवा दल के प्रशिक्षकों का आवश्यक बैठक

जय हिंद साथियो ,

अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष श्री लालजी देसाई एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रभारी मो अफरोज खान जी के निर्देशानुसार संगठन को नई दिशा देने के लिए सेवा दल के प्रशिक्षकों का आवश्यक बैठक दिनांक *19/04/2023, बुधवार, प्रातः 11:30 बजे से प्रदेश कार्यालय सदाकत आश्रम पटना में आयोजन किया गया है।

अतः प्रदेश के सभी सेवा दल के प्रशिक्षकों से आग्रह है कि उक्त बैठक में शामिल होकर संगठन को मजबूत बनाने की दिशा मे अपना मन्तव्य दे और इसे सफल बनाएं।

**धन्यवाद**

**निवेदक : डॉ संजय कुमार, अध्यक्ष , प्रदेश कांग्रेस सेवा दल बिहार**

**नोट :– बिहार के जो भी सेवा दल के प्रशिक्षक हैं कृपया अपना नाम पता प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय कुमार के मोबाइल संख्या 8789600201 पर भेजने का कष्ट करें**



# जय भारत सत्याग्रह मार्च निकाल कर मोदी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन एवम् नुक्कड़ सभा का आयोजन

पटना । कांग्रेस दर्पण




**पटना।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुशार आज दिनांक 16 अप्रैल 2023 को गुरारू में चीनी मील गेट से बढ़ती हुई कमरतोड़ मंहगाई, चरम सीमा पर पहुंची बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, घोटाला, अडानी प्रकरण की जेपीसी जांच, देश में जनमानस की आवाज राहुल गांधी जी की लोकसभा से मोदी सरकार के इशारे पर आनन, फानन में सदस्यता समाप्त करने, पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का सनसनीखेज खुलासा की जांच आदि मांगो को लेकर जय भारत सत्याग्रह मार्च निकाला गया। सत्याग्रह मार्च चीनी मिल गेट तिनमुहानी से शुरू होकर संपूर्ण गुरारू बाजार में कांग्रेस पार्टी के नेता कार्यकर्ता अपने, अपने हाथो में विभिन्न नारो की तख्तियां एवम् झंडा लेकर मोदी सरकार के विफलताओं के खिलाफ आवाज बुलंद किया।

कार्यक्रम में शामिल बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष युगल किशोर सिंह, जिला महासचिव शिव कुमार चौरसिया, श्रवण पासवान, गुरारू प्रखंड कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष मो शमीम, गुरारू प्रखंड कार्यक्रम संयोजक संजय रंजन, डौली झा, कुलेंद्र मांझी, संजीत कुमार, शंभू शर्मा, कारू सिंह, प्रमोद सिंह, अनिरुद्ध यादव, अभय मिश्रा, मो शफीक, जनार्दन प्रसाद, नवीन कुमार, मो रिजवान, सूर्यकांत प्रताप, मो इरफान, आदि ने कहा की आज देश काफी नाजुक दौर से गुज़र रहा है, महंगाई से आमजन बेहाल है, बेरोजगारी का दंश झेल रहे छात्र, नौजवान आत्म हत्या तक करने को उतारू है, भ्रष्टाचार, घोटाला का आलम यह है की देश के साहसी, सजग संघर्षशील जनप्रिय ईमानदार नेता, विपक्ष की आवाज राहुल गांधी जी द्वारा संसद में अडानी प्रकरण महाघोटाला की जेपीसी जांच, अडानी के प्रधानमंत्री जी से संबंध के बारे में पूछने पर मोदी सरकार के इशारे पर इनकी सदस्यता समाप्त कराया गया, जिससे आमजन में भयानक आक्रोश है।

नेताओ ने कहा की अब तो प्रधानमंत्री कार्यालय में भ्रष्टाचार, पुलवामा हमला के संबंध में बिहार, जम्मू कश्मीर, गोवा मेघालय के राज्यपाल रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता सतपाल मलिक जी के आए वक्तव्य से संपूर्ण देश वासी इसकी जांच को व्यग्र है, लेकिन मोदी सरकार इन बातो पर पर्दा डालने के लिए तरह, तरह के धर्मवाद, राष्ट्रवाद तथा अन्य हथकंडे अपना रही हैं। नेताओ ने कहा की कांग्रेस पार्टी जय भारत सत्याग्रह आंदोलन कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तर पर प्रदर्शन, आमसभा, मार्च आदि आयोजित करने के बाद 18 अप्रैल 2023 को जिला स्तर पर गया समाहरणालय के समक्ष प्रदर्शन एवम् सभा होगा, जिसमे गुरारू से भी सैकड़ों की संख्या में लोगो को शामिल होने की भी अपील किया गया। नेताओ ने स्थानीय मुद्दों को भी उठाते हुए गुरारू चीनी मिल चालू करने या इस परिसर में अविलंब कोई उद्योग स्थापित करने, गुरारू में पुरुषोत्तम, बॉम्बे मेल, के ठहराव की मांग, नॉर्थ कोयल परियोजना को पूरा करने, गया गुरारू राज ट्रांसपोर्ट बस चलाने, आदि मांग भी केंद्र एवम् राज्य सरकार से की गई।

भवदीय

**विजय कुमार मिठू, ( प्रभारी )**
**मो शमीम, ( प्रखंड अध्यक्ष )**
**संजय रंजन, ( कार्यक्रम संयोजक )**

# स्वतंत्रता सेनानी कस्तूरबा गांधी जी की जयंती पर आयोजित 'गांधी दर्शन समागम'

पटना । कांग्रेस दर्पण

स्थान : राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान, जयपुर दिनांक 11/12अप्रैल 2023 को शांति एवम अहिंसा निदेशालय विभाग के नेतृत्व में कार्यक्रम अयोजित किया गया। अजमेर से महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के संयोजक डॉक्टर श्रीगोपाल बाहेती के सानिध्य में जयपुर कार्यक्रम में शामिल हुए। सहसंयोजक शक्ति प्रताप सिंह पिपरोली, उमेश शर्मा (अध्यापक), पीयूष सुराणा, चेतन पंवार, पीयूष सुराणा, स्नेहलता अग्रवाल, राजीव सिंह कछावा, आरीफ खान, नरेश सोलीवाल, शहनाज खान, प्रदीप सिंह कच्छावा, विजय लक्ष्मी पारीक, एवम अन्य साथीगण मौजूद रहे।




# धरना में आज धरना कार्यक्रम के चौथे दिन बलियापुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी की और से धरना दिया गया

पटना | कांग्रेस दर्पण




धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह जी की उपस्थिति में लुबी सर्कुलर रोड स्थित पुराना कांग्रेस कार्यालय के गेट के सामने पुराना कांग्रेस कार्यालय को खुलवाने को लेकर लगातार दी जा रही धरना में आज धरना कार्यक्रम के चौथे दिन बलियापुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी की और से धरना दिया गया, मौके पर पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह एवं कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

उक्त धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा पूर्ण निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पुराना कांग्रेस कार्यालय को खोलने को लेकर प्रतिदिन जिला के सभी प्रखंड/नगर कांग्रेस कमिटी द्वारा प्रतिदिन क्रमवार तरीके से पुराना कांग्रेस कार्यालय के गेट के सामने शांतिपूर्ण तरीके से धरना दिया जा रहा है,इसी कड़ी में आज धरना कार्यक्रम के चौथे दिन बलियापुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी की ओर से धरना दिया गया एवं धरना के माध्यम से कांग्रेस कार्यालय नहीं खुलने तक जिला के तमाम सभी कांग्रेसजन द्वारा संकल्प लेते हुए इसी तरह बंद कांग्रेस कार्यालय के सामने निरंतर धरना पर बैठने का काम करेंगे और जब तक राजेश सरकार के द्वारा कार्यालय को खोलने का आदेश निर्गत नहीं हो जाता तब तक कांग्रेस पार्टी ऐसी तरह निरंतर धरना प्रदर्शन और आंदोलन करने का काम करेगी। धरना कार्यक्रम में उपस्थित झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि तत्कालीन झारखंड की पूर्व भाजपा सरकार ने एक साजिश रच कर लगभग 11 वर्ष पूर्व कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं का सम्मान को ठेस पहुंचाते हुए हमारे धरोहर संगठन के मंदिर बंद कराने का काम किया है, धनबाद जिला के कांग्रेसजन बंद पुराना कांग्रेस कार्यालय को खोलने का संकल्प लिया है और कांग्रेस पार्टी संगठन का मंदिर पुराना कांग्रेस कार्यालय को खोलकर वैसे साजिश रचने वालों को मुंहतोड़ जवाब देने का काम करेगी, आगे उन्होंने कहा कि कांग्रेसजनों की भावनाओं का एवं संगठन के मंदिर रुपी कार्यालय को खोलने में झारखंड सरकार के साथ–साथ कैबिनेट में कांग्रेस के मंत्रियों से इस पर गंभीरता दिखाते हुए कैबिनेट में अविलंब पास करा कर कार्यालय को खोलने का आदेश निर्गत करने की मांग की। धरना कार्यक्रम में पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक ने कहा कि भाजपा के द्वारा की गई साजिश के तहत लगभग 11 वर्ष पूर्व कांग्रेस कार्यालय को बंद कराया गया था यह कांग्रेसजनो के आस्थाओं से जुड़ा हुआ है, वर्तमान झारखंड सरकार से केबिनेट में कांग्रेस के मंत्रियों को अविलंब कैबिनेट में पास करा कर कार्यालय को खोलने की मांग की कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिजीत राज संजय कुमार महतो रवि रंजन सिंह योगेंद्र योगी राजेश्वर यादव नवनीत नीरज सीता राणा गोपाल कृष्ण चौधरी दिनेश सिंह गुड्डू खान पप्पू कुमार तिवारी बाबू अंसारी ईदु अंसारी बाबू अंसारी मधुसूदन चौधरी उमाशंकर रजवार श्यामलाल महतो सुधन महतो नसीम खान सत्यानंद पांडे अरविंद सैनी नौशाद खान लगन महतो अफरोज खान लक्ष्मी देवी फरीद खान सेफतुला खान कलाम खान शोएब खान समेत दर्जनों कांग्रेसजन उपस्थित थे।






# धार्मिक आतंकवाद को ज्यादा तवज्जो मिल रहा है



पटना। कांग्रेस दर्पण

**पटना।** आज दिनांक 16/04/2023 को मटिहानी प्रखंड कांग्रेस के नेताओं ने शाखा गठन एवं जय भारत सत्याग्रह के लिए खोरामपुर के गोढ़ीयारी में जनसंपर्क अभियान चलाया। दूसरी तरफ मुस्लिम समुदाय के लोग रमजान में लगे हुए हैं। इसलिए कुछ दिनों के बाद पंचायत स्तर पर शाखा पुनर्गठन कार्य चलाने का फैसला लिया गया। चाक और में छितरौर में यह कार्यक्रम मजबूती के साथ चलाने का निर्णय लिया गया।

आज के जनसंपर्क अभियान में प्रखंड नेताओं को सम्बोधित करते हुए पूर्व जिला सचिव रणजीत कुमार मुखिया जी ने कहा----धार्मिक आतंकवाद को ज्यादा तवज्जो मिल रहा है जो भविष्य के साथ अच्छा नही।मटिहानी विधानसभा हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के प्रभारी एवम पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सुबोद कुमार, प्रखंड अध्यक्ष रामानुज कुँवर, मंडल अध्यक्ष अनिल राय एवं नवीन कुमार सिंह पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रामचंद्र सिंह, अल्पसंख्यक नेता मो.मतीन,लक्ष्मी शाह, जितेंद्र कुमार झा, महेश कुमार,कुंदन कुमार,सलाउद्दीन,मोहन सिंह राजनीति सिंह महेन्द्रपुर शाखाध्यक्ष रामकीशोर सिंह शामिल थे।

# एखलाकुर रहमान सिद्दीक़ी के आवास पर दावत –ए–इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया



पटना। कांग्रेस दर्पण

**पटना।** आज दिनांक 16.4.2023 को प्रदेश प्रतिनिधि बिहार प्रदेश काँग्रेस कमिटि के आयोजक स्थल समस्तीपुर जिला अंतगर्त कल्याणपुर प्रखंड के रतवारा पंचायत में एखलाकुर रहमान सिद्दीक़ी के आवास पर दावत –ए–इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया।इस इफ्तार पार्टी में शिरकत करने वालो में मुख्य रूप से डॉ शकील अहमद, भारत सरकार के पूर्व मंत्री डॉ अशोक राम, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री, अनिता राम, महापौर नगर निगम समस्तीपुर, धीरेन्द्र चौधरी, भुनेस्वर राम, मुकुन्द कुमार, बृजेश यादव सुशील कुमार, मो नौशाद, मो अमीर, घनश्याम पंडित, धीरज कुमार शर्मा, गौतम कुमार, सुशील कुमार राय, लाली ठाकुर, बच्चू झा, बाल मुकुंद कुमार, मो कमर पीताम्बर राय मो शौकत, राजा कुमार, यदि उपस्थित थे।

# कांग्रेस जन भविष्य की चुनौतियों का डटकर मुकाबला करें: पीएल पुनिया



पटना। कांग्रेस दर्पण

अखिल भारतीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद बाराबंकी उत्तर प्रदेश पूर्व में एससी एसटी आयोग के चेयरमैन पीएल पुनिया उत्तराखंड दौरे पर हैं उन्होंने उत्तराखंड की सभी जिला अध्यक्षों विधायकों 2022 विधायक प्रत्याशियों प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से अलग–अलग मुलाकात कर उत्तराखंड में वर्तमान और भविष्य की राजनीति पर गहन चिंतन और मनन किया उन्होंने कहा इसी साल उत्तराखंड में निकाय चुनाव होने और अगले साल देश में आम चुनाव होने कांग्रेस जनों को अभी से गांव गांव जाकर भारतीय जनता पार्टी की नाकामियों को उजागर करना होगा भारतीय जनता पार्टी ने देश प्रदेश को गुमराह करके रखा हुआ है जाति धर्म मंदिर मस्जिद के नाम पर नौजवानों को भटका रखा है प्रदेश का नौजवान बेरोजगारी की लंबी लाइन लगा कर बैठा है और हताश और निराश है आम जनमानस से किया हुआ कोई भी वादा कम भाजपा सरकार पूरा नहीं कर पाए। जिला कांग्रेस कमेटी टिहरी गढ़वाल के अध्यक्ष राकेश राणा ने कहा की कांग्रेस जनों को उत्तराखंड पर्यवेक्षक समन्वयक पीएल पुनिया जी से सामाजिक और राजनीतिक विषय पर गहन चर्चा की गई आगामी निकाय और लोकसभा के चुनाव के बारे में विस्तृत बातचीत कर भविष्य की दशा और दिशा तय की गई और यह आश्वस्त किया आने वाले समय में उत्तराखंड की जनता कांग्रेस पर भरोसा करें और कांग्रेस के प्रत्याशी विजय होंगे।

**बेगूसराय नगर कांग्रेस के मजबूत स्तंभ पार्टी के अभिभावक बेगूसराय नगर स्थित सर्वोदय नगर वार्ड नंबर 40 के निवासी सर्वेश बाबू का निधन दिल्ली में इलाज के दौरान हो गया ' बेगूसराय नगर कांग्रेस के लिए अपूरणीय क्षति सर्वेश बाबू जीवन पर्यंत समर्पित कांग्रेसी के रूप में हर हमेशा कांग्रेस के नीति सिद्धांत एवं कार्यक्रमों से जुड़े रहे ' उनके निधन से बेगूसराय नगर कांग्रेस ने एक समर्पित जुझारु कांग्रेसी को खो दिया बेगूसराय नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से उस महान आत्मा को बारंबार प्रणाम शत–शत नमन विनम्र श्रद्धांजलि ओम शांति ?? ब्रजेश कुमार प्रिंस पूर्व पार्षद. अध्यक्ष नगर कांग्रेस कमिटी नगर निगम बेगूसराय**

# पुलवामा हमला : मोदी सरकार का असली चेहरा बेनकाब



**पटना।कांग्रेस दर्पण**

आपको भारत माता के वो 40 वीर जवान जरूर याद होंगे, जो 14 फरवरी 2019 को पुलवामा हमले में शहीद हो गए थे।

आपको यह भी याद होगा कि मोदी जी और भाजपा ने लोकसभा चुनाव में इन जवानों की शहादत के नाम पर खुलकर वोट मांगे थे। मोदी जी ने देश के युवाओं से भाजपा को वोट देने का वचन दिलाते हुए कहा था कि 'क्या आपका पहला वोट पुलवामा में शहीद हुए जवानों के लिए समर्पित हो सकता है क्या?'

पुलवामा की घटना हमारे देश के इतिहास में एक त्रासदी की तरह है। मगर अब उसके पीछे की जो सच्चाई जम्मू एवं कश्मीर के तत्कालीन राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने बताई है, उसे सुनकर हर भारतवासी को भाजपा से घिन आने लगेगी।

मलिक के मुताबिक, 14 फरवरी को जब लगभग 2,500 जवानों से भरे 78 वाहनों का काफिला जम्मू से श्रीनगर जा रहा था, उससे पहले उफ्छा ने गृह मंत्रालय से अनुरोध किया था कि उन्हें जवानों को ले जाने के लिए एयरक्राफ्ट की जरूरत है, लेकिन गृह मंत्रालय ने एयरक्राफ्ट देने से मना कर दिया। अमूमन इतनी बड़ी संख्या में जवान कभी सड़क मार्ग से नहीं जाते।

इसके अलावा जवानों को जिस रास्ते से होकर जाना था, उसकी सुरक्षा भी पुख्ता नहीं थी। इसकी जानकारी मलिक ने प्रधानमंत्री को दी थी, लेकिन प्रधानमंत्री ने मलिक की चिंता को नजरंदाज कर उन्हें दखल न देने के लिए कहा था।

सरकार और खुफिया तंत्र की लापरवाही के बाद 14 फरवरी को एक तरफ हमारे जवान शहीद हो रहे थे, उसी समय प्रधानमंत्री जिम कार्बेट पार्क में शूटिंग में व्यस्त थे। हमले के बाद जब राज्यपाल मलिक ने प्रधानमंत्री को उनकी गलती याद दिलाते हुए कहा कि यदि जवानों को एयरक्राफ्ट मिल जाता तो यह घटना नहीं होती। इस पर मोदी जी उन्हें चेतावनी देते हुए कहते हैं कि ₹आप अपना मुंह मत खोलिए, इसे अपने तक रखिए। आप इस मुद्दे को नहीं समझ रहे हैं, इस पर केवल मैं ही बोलूंगा।₹

मलिक के मुताबिक, 300 किलो से ज्यादा विस्फोटक लेकर आतंकियों की गाड़ी 10–12 दिनों तक पुलवामा के गांवों में घूमती रही, लेकिन सुरक्षा अधिकारी सोते रहे।

दुःखद घटना के बाद प्रधानमंत्री मलिक को बार–बार चेतावनी देते रहे कि उन्हें कश्मीर पर कुछ भी नहीं बोलना है, केवल चुप रहना है। मोदी जी के इशारे पर देश के सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल भी मलिक पर मुंह न खोलने का दबाव लगातार बनाते रहे।

मलिक कहते हैं कि ₹इन सबके बाद हमें आभास हो गया था कि अब देश में चुनाव हैं और सरकार इस हमले को पाकिस्तान से जोड़कर लोकसभा चुनाव में वोट मांगना चाहती है और वही हुआ।₹

मतलब... धर्म को बेचने वाले लोग, सेना के शौर्य को बेचते–बेचते कब जवानों की शहादत को बेचने लगे, यह देश की जनता भी नहीं समझ पाई।

राष्ट्रवाद की स्वघोषित मसीहा मोदी सरकार की सच्चाई जितनी घिनौनी है उससे अधिक खतरनाक। कुर्सी की खातिर एक सरकार आखिर कितना नीचे तक गिर सकती है, मोदी सरकार इसका पैमाना है।

# लोकतंत्र के जनक देश में खुलेआम लोकतंत्र का मखौल बनाया जा रहा है: अमिता



बेगूसराय प्रखंड के नीमा पंचायत में प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह के नेतृत्व में जय भारत सत्याग्रह आंदोलन को लेकर नुक्कड़ सभा




**पटना। कांग्रेस दर्पण**

फर्जी राष्ट्रवाद और न खाऊंगा न खाने दूंगा के जुमलों की पोल खुलते देख केंद्रीय सत्ता में बैठे लोकतंत्र विरोधी लोगों की साजिश और बौखलाहट का नतीजा है राहुल गांधी जी की संसद सदस्यता खत्म करना। आज सदर प्रखंड के नीमा और बीरपुर में प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह और धर्मराज सहनी की अगुआई में आयोजित जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक श्रीमती अमिता भूषण ने ये बातें कही।

श्रीमती भूषण ने सिलसिलेवार तरीके से पूरी स्क्रिप्टड कहानी की क्रोनोलोजी समझाते हुए कहा कि लोकतंत्र के जनक देश में खुलेआम लोकतंत्र का मखौल बनाया जा रहा है। संवैधानिक संस्थाओं की मर्यादा कुचलीं जा रही है, ऐसे में संघर्ष के गर्भ से उपजी कांग्रेस पार्टी फिर से संघर्ष का इरादा कर चुकी है. राहुल गांधी किसी सदन की सदस्यता के मोहताज नहीं हैं, अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिये सड़क उनके लिये पर्याप्त है हालांकि यह सरकार सड़क तक भी अपने मित्र और व्यवसाय के पार्टनर अदानी को सौंप चुकी है। हर ऐसी घटना जहाँ सरकार फंसती है हिन्दू मुस्लिम की आड़ में खुद को ढकने का प्रयास करती है. अब तो उनके अपने साथी भी पुलवामा की शहादत में खुलेआम उनको आरोपित कर रहे







# कोलार में राहुल गांधी की चुनावी हुंकार; बीजेपी और अडानी पर जमकर बरसे, कर्नाटक में किया जीत का दावा





पटना । कांग्रेस दर्पण

कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए तमाम पार्टियां जोर–शोर से तैयारियों में जुट गई हैं. इसी कड़ी में कांग्रेस के सीनियर लीडर राहुल गांधी ने रविवार को कर्नाटक के कोलार में एक चुनावी रैली को संबोधित किया. अपने संबोधन के दौरान राहुल गांधी ने बीजेपी और पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा. वहीं, उन्होंने कोलार की जनता से कहा कि, ₹राज्य में कांग्रेस की सरकार बनेगी तो सब काम बहुत जल्द कराए जाएंगे और किसी भी वादे को पूरा करने में देर नहीं लगाई जाएगी. रैली के दौरान राहुल गांधी ने राज्य की जनता से चार वादे किए.

राहुल गांधी ने कहा कि हर महीने 200 यूनिट मुफ्त बिजली दी जाएगी. कांग्रेस के दूसरे वादे में हर महीने हर महिला को 2000 रुपए दिए जाना शामिल है. कांग्रेस नेता ने तीसरा वादा करते हुए कहा कि हर महीने हर परिवार को 10 किलो चावल फ्री में दिए जाएगे, जबकि चौथे वादे में उन्होंने कहा कि हर महीने 2 साल के लिए कर्नाटक के बेरोजगार ग्रेजुएट को 3000 रुपए और डिप्लोमा होल्डर को 1500 रुपए दिए जाएंगे. कोलार में राहुल गांधी ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने जा रही है. साथ ही कांग्रेस नेता ने पीएम मोदी, बीजेपी और अडाणी को निशाना बनाया.

उन्होंने पीएम पर हमला बोलते हुए कहा, अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अडानी को हजारों करोड़ रुपये दे सकते हैं, तो कांग्रेस गरीबों और महिलाओं को पैसे दे सकती है. राहुल ने कहा, अगर आप खुले दिल से अडानी की मदद करने के लिए हाथ बढ़ा सकते हैं, तो कांग्रेस भी खुले दिल से गरीब, बेरोजगार नौजवानों और महिलाओं की मदद के लिए कदम बढ़ा सकती है. कांग्रेस नेता ने कहा, पीएम अपना काम कीजिए, हम अपना काम करेंगे₹. उन्होंने ठेकेदारों और निजी स्कूलों को 40 फीसद कमीशन देने के लिए मजबूर करने के इल्जामों, उप निरीक्षकों की भर्ती में गड़बड़ी समेत कथित करप्शन के आरोपों को लेकर कर्नाटक में बसवराज बोम्मई सरकार पर भी निशाने पर लिया.



आज दिनांक 16 अप्रैल 2023 को नगर पंचायत गंगापुर में श्री अरविंद कुमार मौर्य जी के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराते हुए। राजेश्वर सिंह पटेल (राजेश भाई) अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी वाराणसी




बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार दिनांक 16:04:2023 को प्रखंड कांग्रेस कमिटी रामनगर एवं गौनाहा द्वारा # जय भारत सत्याग्रह #कार्यक्रम आयोजित किया गया।